देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिव्यांगजनों को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। श्रीमती मुर्मू ने देहरादून में राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन का उद्घाटन भी किया।
- ऑपरेशन मानसून के तहत कॉर्बेट राष्ट्रीय पार्क, हाई अलर्ट पर। शिकारियों की घुसपैठ रोकने के लिए पार्क की दक्षिणी सीमा पर 250 से अधिक वनकर्मियों की तैनाती।
- उत्तरकाशी जिले के मोरी ब्लॉक में मकान की दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ बारिश की चेतावनी दी।

राष्ट्रपति देहरादून दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिव्यांगजनों को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उन्नत तकनीकों की सहायता से दिव्यांगजन भी मुख्यधारा में अपना योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति आज, उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के छात्रों को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति ने दिव्यांगजनों की प्रतिभा को निखारने के लिये सभी लोगों से सहयोग का आह्वान किया। इससे पहले, श्रीमती मुर्मू ने देहरादून में राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन, 24 जून से आम जनता के लिए खोले जाएंगे। श्रीमती मुर्मू ने राष्ट्रपति निकेतन में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति ने 132 एकड़ में विकसित होने वाले राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला भी रखी, जिसे एक वर्ष में पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

ऑपरेशन मॉनसून

नैनीताल जिले में रामनगर सहित कई क्षेत्रों में फैले कॉर्बेट राष्ट्रीय पार्क में प्रशासन ने वन्यजीवों की सुरक्षा में लगे वनकर्मियों को ऑपरेशन मानसून के तहत हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है। इसके तहत शिकारियों की पार्क में घुसपैठ रोकने के लिए पार्क की दक्षिणी सीमा पर 250 से अधिक वनकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा ड्रोन और थर्मल कैमरों से भी पार्क पर नजर रखी जा रही है, ताकि शिकारी जंगली जानवरों का शिकार न कर सकें। गौरतलब है कि मानसून सीजन में कॉर्बेट पार्क में पर्यटकों की आवाजाही न होने से शिकारी इसका फायदा उठाते हैं और इसे रोकने के लिए कॉर्बेट प्रशासन चौकस हो गया है। कॉर्बेट पार्क का क्षेत्रफल करीब 1 हजार 288 वर्ग किलोमीटर है। पार्क का जंगल भी काफी घना है। ऐसे में मानसून में सक्रिय होने वाले शिकारियों की नजर बाघ, तेंदुआ और हाथी सहित

कई वन्यजीयों पर रहती है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बड़ोला के अनुसार मानसून सीजन को देखते हुए कॉर्बेट पार्क में अलर्ट जारी किया गया है। शिकारी पार्क में घुसपैठ नहीं कर सकें, इसके लिए वन कर्मियों को गश्त निर्देश दिए गए हैं। थर्मल और ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जा रही है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी– रेरा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने रेरा प्रोजेक्ट से संबंधित शिकायतों का तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीन वर्ष से अधिक लम्बित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्य सचिव ने विकासकर्ताओं से की जाने वाली वसूली में भी तेजी लाने की बात कही।

हादसा मृत्यु

उत्तरकाशी जिले के मोरी ब्लॉक स्थित ग्राम ओडाटा के मोरा तोक में आज एक मकान की दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु हो गई। सूचना के बाद राजस्व, एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किए। तहसीलदार जब्बर सिंह असवाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश चारों सदस्यों को बचाया नहीं जा सका।

मौसम

राजधानी देहरादून सहित राज्य के अन्य हिस्सों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर और झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी दी है। विभाग ने इस अवधि में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों के कुछ स्थानों पर, जबकि शेष जिलों के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

पेयजल योजना पौड़ी

पौड़ी नगर की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान के लिये श्रीनगर से एक नई पम्पिंग पेयजल योजना शुरू की जाएगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पेयजल योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने नई पम्पिंग योजना का शीघ्र सर्वे करने के पेयजल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत विभिन्न वृहद पम्पिंग पेयजल योजनाओं को शीघ्र पूरा करने को भी अधिकारियों से कहा। उन्होंने एनआईटी सुमाड़ी पेयजल योजना से आस–पास के गांवों को भी अच्छादित करने, श्रीनगर में पेयजल आपूर्ति में उत्पन्न बाधाओं को दूर करने और थलीसैण नगर पंचायत क्षेत्र में जलापूर्ति सुचारू

करने को भी अधिकारियों को कहा। इसके अलावा उन्होंने पेयजल योजनाओं से संबंधित वन विभाग में अनापत्ति के लिए लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

<u>हिम तेंदुआ</u>

केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के ऊखीमठ रेंज के ऊपरी क्षेत्रों में हिम तेंदुआ की गतिविधियां ट्रैप कैमरा में कैद हुई हैं। बर्फ से घिरे हिमखंडों के बीच यहां हिम तेंदुआ नजर आया है। साथ ही पीले गले वाला नेवला और लाल लोमड़ी सहित कई दुर्लभ पक्षी प्रजातियां भी क्षेत्र में मौजूद हैं।

इस क्षेत्र में कस्तूरी मृग, भूरा भालू, हिरण, पीले गले वाला नेवला और लाल लोमड़ी भी अच्छी संख्या में मिले हैं। साथ ही पक्षी प्रजातियों की संख्या बढ़ रही है। मोनाल के साथ ही तीतर की कई प्रजातियां उच्च हिमालय क्षेत्र में पाई गई है। इसके अलावा गुलदार, भालू, घुरल, काखड और हिमालयन थार भी पूरे प्रभागीय क्षेत्र में पाए गए हैं। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग, गोपेश्वर के प्रभागीय वनाधिकारी तरुण एस. ने बताया कि ट्रैप कैमरा का निरीक्षण किया जा रहा है। हिम तेंदुआ का नजर आना सुखद है। हिमालय क्षेत्र में पाए जाने वाले कई दुर्लभ जीव अपने कुनबे के साथ विचरण करते नजर आ रहे हैं। यह प्रकृति और पर्यावरण के लिए अच्छा है। उन्होंने बताया कि जुलाई के दूसरे सप्ताह तक सभी ट्रैप कैमरा का निरीक्षण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद, प्रभागीय क्षेत्र में वन्य जीव और पक्षी प्रजातियों की सही संख्या का पता लग सकेगा। गौरतलब है कि इस पूरे वन क्षेत्र में दुर्लभ वन्य जीव निवास करते हैं। इन जीवों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए प्रभागीय स्तर पर निरंतर गश्त की जाती है। साथ ही जगह–जगह पर 200 ट्रैप कैमरा लगाए गए हैं, जिससे वन्य जीवों की गतिविधियों का पता लग सके।

<u>कांवड़ बैठक</u>

गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में हरिद्वार में आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने सभी आवश्यक कार्य पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता से पूरा करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संभावित भीड़ वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को निकालने के लिए वैकल्पिक मार्ग चिन्हित करने पर जोर दिया। श्री पाण्डेय ने कांवड़ मेले के दौरान शहर में यातायात बाधित होने की स्थिति में हिल बाईपास को बहुत उपयोगी बताते हुए इसे जल्द ठीक करने के भी निर्देश दिए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल, राजीव स्वरूप ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत इस बार मेला क्षेत्र को 16 सुपर जोन, 38 जोन और 134 सेक्टर में बांटा गया है।

कूड़ा वाहन

अल्मोड़ा जिले में ग्रामीण स्वच्छता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से पोषित कूड़ा वाहन अब जिला पंचायत अल्मोड़ा को सौंपा गया है, जिसका संचालन विशेष स्वच्छता दल के माध्यम से किया जाएगा।